दिनांक 28.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

गीला कचरा एवं सुखा कचरा के पृथक्कीकरण एवं उचित निष्पादन हेतु आयुक्त चौहान ने नागरिकों से की अपील

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त के0एल0 चौहान ने भिलाई की प्रबुद्ध जनता से अपील की है कि हमारे घरों में दो प्रकार का कुड़ा निकलता है गीला कचरा जिसमें फलों के छिलके, कटी सब्जियां, बचा हुआ खाना आदि होते हैं एवं सुखे कचरे में पॉलिथीन, कागज, पेकिंग मटेरियल आदि होते हैं। गीले एवं सुखे कचरे के आपस में मिलने से बदबू उत्पन्न होते हैं और यह कुड़ा किसी काम का नहीं आता। अगर गीला एवं सुखा कुड़ा स्त्रोत पर ही अलग कर दिया जाये तो गीले कचरे से खाद बनाई जा सकती है। वहीं सुखे कचरे को रिसाईकिल करके उपयोगी वस्तुएं बनाई जा सकती है ऐसा करके हम कचरों के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को कम कर सकते है और कचरों को भी उपयोगी बना सकते हैं।

जन सम्पर्क अधिकारी